प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
<u>मुजफ्फरपुर</u>

कार्यालय आदेश

सभी विभागाध्यक्ष / सभी चिकित्सक एवं शिक्षक,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

प्रायः यह देखा जाता है कि आपके द्वारा जो भी अवकाश / क्षतिपूरक अवकाश / प्रतिबंधित अवकाश का आवेदन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में स्वीकृति हेतु भेजा जाता है, उस आवेदन में संबंधित पदाधिकारी के जिम्मे शेष बचे अवकाश का कोई लेखा–जोखा नही होता है, जिससे कार्यालय में संबंधित पदाधिकारियों के अवकाश लेखा अद्यतन करने में कठिनाई होती है।

अतएव आप सभी पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अवकाश स्वीकृति हेतु प्रेषित किए जाने वाले आवेदन में कुल अवकाश एवं शेष अवकाश का जिक्र अवश्य किया जाए, ताकि अवकाश लेखा अद्यतन कार्य में सुविधा हो ।

ह0 / –
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1513/18　　　　दिनांकः– 26/6/18

प्रतिलिपिः–

1) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0) / Estate Officer / बरसर / ओ0एस0डी0, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्क कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
2) सभी विभागाध्यक्ष / सभी चिकितसक एवं शिक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्क कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
3) लिपिक, आगत एवं निर्गत शाखा, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए निर्देश दिया जाता है कि प्राचार्य कार्यालय में प्रेषित किए जाने वाले सभी अवकाश आवेदन का लेखा अद्यतन करना सुनिश्चित किया जाए।
4) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

26/6/18
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर